**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थपित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत

## हिंदी विश्वविद्यालय ने निकाली साइकिल रैली

भवनों, छात्रावासों एवं आवासों पर फहराया तिरंगा

वर्धा, 13 अगस्त 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसरण में 13, 14 एवं 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मंगलवार, 13 अगस्त को प्रात: 06:00 बजे विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स से साइकिल रैली निकाली गयी। कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने रैली को हरी झेंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गांधी हिल्स से प्रारंभ होते हुए विवि के छत्रपति शिवाजी महाराज प्रवेश द्वार, आर्वी नाका, छत्रपति शिवाजी महाराज चौराहा से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, जिला क्रीड़ा संकुल तक निकाली गयी। डॉ.





बाबासाहेब आंबेडकर चौक परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन, जिला परिषद, जिला क्रीडा अधिकारी, जिला सूचना कार्यालय, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नेहरू युवा





पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305



केंद्र, जिला विधि सेवा प्राधिकरण एवं विभिन्न महाविद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साइकिल रैली में विश्वविद्यालय की रैली भी शामिल हुई । रैली में विधायक डॉ. पंकज भोयर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील, जिला अधिकारी राहुल कर्डिले, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जतिन रहमान, क्रीडा अधिकारी आशा मेश्राम, नेहरू युवा केंद्र के शिवधन शर्मा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी हंसराज राऊत आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के तुलसी भवन, अटल बिहारी वाजपेयी भवन, बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर समता भवन, महापंडित राहुल साकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय, पंडित मदन मोहन मालवीय भवन, फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास, नागार्जुन अतिथि गृह, छत्रपति संभाजी महाराज छात्रावास, बिरसा मुण्डा छात्रावास, भगतसिंह छात्रावास, सुखदेव छात्रावास, राजगुरू छात्रावास, चंद्रशेखर आजाद छात्रावास, सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास आदि स्थानों पर एक साथ तिरंगा ध्वज फहराया गया तथा परिसर स्थित आवासों पर भी तिरंगा ध्वज फहराया गया।

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत बुधवार, 14 अगस्त को प्रात: 08:00 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मौन यात्रा गांधी हिल्स से बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समता भवन तक निकाली जाएगी। अपराह्न 03:30 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी का आयोजन वाचस्पति भवन में किया जाएगा। अपराह्न 04:00 बजे कस्तूरबा सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी तथा सायं 07:00 बजे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गुरुवार, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वाचस्पति भवन के प्रांगण में प्रात: 09:30 बजे कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यकमों में अध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय ने की है।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

'हर घर तिरंगा' अभियानाच्या अंतर्गत

## हिंदी विश्वविद्यालयाने काढली सायकल रॅली

इमारती, वसतिगृहे आणि निवासस्थानांवर फडकवला तिरंगा

वर्धा, 13 ऑगस्ट 2024: भारत सरकारच्या शिक्षण मंत्रालयाकडून प्राप्त मार्गदर्शक सूचनांनुसार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 13, 14 आणि 15 ऑगस्ट या कालावधीत 'हर घर तिरंगा' अभियान राबविण्यात येत आहे. या अभियानांतर्गत मंगळवार, 13 ऑगस्ट रोजी सकाळी 06:00 वाजता विश्वविद्यालयाच्या गांधी हिल्स पासून भव्य सायकल रॅली काढण्यात आली. कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह यांनी रॅलीला हिरवी झेंडी दाखवून रवाना केली. ही रॅली गांधी हिल्सपासून सुरू होऊन विश्वविद्यालयाच्या छत्रपती शिवाजी महाराज प्रवेशद्वार, आर्वी नाका, छत्रपती शिवाजी महाराज चौक ते डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, जिल्हा क्रीडा संकुलापर्यंत काढण्यात आली. माहिती व प्रसारण मंत्रालयाचे केंद्रीय संचार ब्युरो, क्षेत्रीय कार्यालय, वर्धा, महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, जिल्हा प्रशासन, जिल्हा परिषद, जिल्हा क्रीडा अधिकारी, जिल्हा माहिती कार्यालय, जिल्हा पोलिस अधिक्षक कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र आणि जिल्हा विधी सेवा प्राधिकरण आणि विविध महाविद्यालयांच्या संयुक्त विद्यमाने आयोजितसायकल रॅली विश्वविद्यालयाची सायकल रॅली सहभागी झाली. यावेळी आमदार डॉ. पंकज भोयर, विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह, कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील, जिल्हाधिकारी राहुल कर्डिले, जिल्हा परिषदेचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी जतीन रहेमान, क्रीडा अधिकारी आशा मेश्राम, नेहरू युवा केंद्राचे शिवधन शर्मा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी हंसराज राऊत आदींसह विश्वविद्यालयातील शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने सहभागी झाले.

'हर घर तिरंगा' अभियानांतर्गत मंगळवारी सकाळी 11:00 वाजता विश्वविद्यालयातील तुलसी भवन, अटल बिहारी वाजपेयी भवन, बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर समता भवन, महापंडित राहुल साकृत्यायन केंद्रीय वाचनालय, पंडित मदन मोहन मालवीय भवन, फादर कामिल बुल्के आंतरराष्ट्रीय वसतिगृह, नागार्जुन अतिथी गृह, छत्रपती संभाजी महाराज वसतिगृह, बिरसा मुंडा वसतिगृह, भगतसिंह वसतिगृह, सुखदेव वसतिगृह, राजगुरू वसतिगृह, चंद्रशेखर आझाद वसतिगृह, सावित्रीबाई फुले महिला वसतिगृह आदी ठिकाणी एकाच वेळी तिरंगा ध्वज फडकविण्यात आला तसेच परिसरातील निवासस्थानांवरही तिरंगा फडकवण्यात आला.

'हर घर तिरंगा' अभियानांतर्गत बुधवार 14 ऑगस्ट रोजी सकाळी 08:00 वाजता विभाजन विभीषिका स्मृती दिन मूक यात्रा गांधी हिल्स ते बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर समता भवन पर्यंत काढण्यात येईल. दुपारी 03:30 वाजता विभाजन विभीषिका स्मृती दिन प्रदर्शनाचे आयोजन वाचस्पती भवन येथे करण्यात येईल. दुपारी 04:00 वाजता कस्तुरबा सभागृहातविभाजन विभीषिका स्मृती दिन परिसंवाद आणि सायंकाळी 07:00 वाजता सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले आहे.

गुरुवार, 15 ऑगस्ट रोजी स्वातंत्र्य दिनानिमित्त कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह यांच्या हस्ते ध्वजारोहण करण्यात येईल.

'हर घर तिरंगा' अभियानांतर्गत आयोजित करण्यात आलेल्या सर्व कार्यक्रमांमध्ये शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी आणि विद्यार्थ्यांनी जास्तीत जास्त संख्येने सहभागी व्हावे असे आवाहन विश्वविद्यालया तर्फे करण्यात आले आहे.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305